लौटा दे मुस्कान | By Raj-Guru

बिलख रही है आज धरा पे देखो दुनिया सारी रे
ओ श्याम बाबा आई ये कैसी महामारी रे

जब जब मुश्किल आयी हमपे तूने साथ निभाया
बाबा तूने साथ निभाया
गिरते हुए हर भक्त के सर पे तूने हाथ फिराया
सरपे तूने हाथ फिराया
आज जगत पे आई बाबा देखो विपदा भारी रे

बंद पड़े है सब दरवाजे मायूसी है छाई
कैसी मायूसी है छाई
दूर हो गए हम अपनों से दूर हुई परछाई
देखो दूर हुई परछाई
करुणा सागर तुम्हे पुकारे दया करो गिरधारी रे

एक भरोसा तेरा हमको तेरा एक सहारा
हमको तेरा एक सहारा
कहता है शिव सुबोध अब ये दूर करो अंधियारा
अब ये दूर करो अंधियारा
लौटा दे मुस्कान ईशु कि विनती कर कर हारी रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%8c%e0%a4%9f%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-raj-guru/